समाचार
स्वच्छता पखवाड़ा
भवानी मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

कोरबा 08 दिसम्बर 2015 –01 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक चलाए जा रहे द्वितीय चरण के स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज कोरबा दर्री मार्ग पर स्थित मां भवानी मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा विशेष साफ–सफाई का कार्य किया गया। इसके पूर्व 05 दिसम्बर को कोसाबाडी जोन में स्थित निर्मला चर्च में साफ–सफाई का अभियान चलाया गया था।

यहां उल्लेखनीय है कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार कलेक्टर श्री पी.दयानंद के कुशल मार्गदर्शन में कोरबा जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में विभिन्न विषयों पर आधारित स्वच्छता पखवाडों का आयोजन विगत 16 नवम्बर से किया जा रहा है। 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक '' कृषि मण्डी, सब्जी एवं अनाज बाजार '' विषय पर स्वच्छता पखवाड़े का सफल आयोजन किया गया, तत्पश्चात 01 दिसम्बर स 15 दिसम्बर तक '' धार्मिक स्थल, पर्यटन एवं ऐतिहासिक स्थल '' विषय पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के अंतर्गत आज 08 दिसम्बर को भवानी मंदिर एवं उसके आस–पास के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा विशेष साफ–सफाई का कार्य कराया गया। इस दौरान निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व आमनागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। पार्षद श्रीमती उमा पटेल, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, राजस्व अधिकारी अशोक बनाफर, उप अभियंता यशवंत जोगी, धनसाय पटेल, ढेलूराम देवांगन आदि के साथ अन्य लोगों ने साफ–सफाई कार्यो में अपना योगदान दिया।

09 दिसम्बर को गुरूद्वारा परिवहन नगर में चलेगा अभियान– द्वितीय चरण के स्वच्छता पखवाड़े के सातवें दिन 09 दिसम्बर को गुरूद्वारा परिवहन नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता देवें। इसी प्रकार 10 दिसम्बर को राममंदिर बालको, 11 दिसम्बर को सर्वेश्वर मंदिर, सीतामणी तथा शनि मंदिर में स्वच्छता अभियान चलेगा।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)